(2) इस आदेश के उपबंध 1 में उपवर्णित साईकिल निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम 1987 के प्रारूप के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व ऐसी साईकिलों पर लागू होंगे ।

(3) (क) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों तथा निर्यात निरीक्षण परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानकों को;

(ख) इस आदेश के उपबंध 2 में उपवर्णित न्यूनतम विनिर्देशों के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच करार पाए गए निर्यात संविदा के विनिर्देशों को, साईकिलों के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना।

(4) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में ऐसी साईकिलों के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उसके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से किसी एक द्वारा जारी किया गया इसका प्रमाण-पत्र न हो कि साईकिलें निर्यात योग्य हैं या उन पर उक्त अधिनियम की धारा 8 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य मुद्रा या चिन्ह न चिपकाया गया हो।

3. इस आदेश की कोई भी बात भू-मार्ग, जल मार्ग, या वायु मार्ग द्वारा 500 रुपए मूल्य तक के साईकिलों के नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी।

4. इस अधिसूचना में, साईकिल से दो पहिया या तिपहिया यान अभिप्रेत है जिसमें पहियों को आगे पीछे करने की सुविधा सवार के लिए गद्दी, एक टैरिंग हैंडल तथा सवार के पैरों से नोदन के लिए फ्रेंक भी लगे हों तथा इसमें उसके पुर्जे संघटक और उपसाधन सम्मिलित है।

उपाबंध —1

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन तथा अधिसूचना सं. का. आ. 4357, तारीख 5 सितम्बर, 1967 को उन बातों के सिवाए अधिक्रान्त करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया जाता है या करने से लोप किया है, बनाए जाने वाले प्रस्थापित नियमों का प्रारूप है ।

1. संक्षिप्त नाम ————इन नियमों का संक्षिप्त नाम साईकिल निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1987 है ।

2. ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख का प्रवृत्त होंगे ।

3. परिभाषाए :— इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों :—

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22 अभिप्रेत है ;

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिप्रेत है,

(ग) "परिषद" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है ;

(घ) "अनुमोदित यूनिट" से ऐसा विनिर्माण यूनिट अभिप्रेत है जिसे प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण की अपेक्षाओं को पूरा करने पर नियम 4 के अधीन अभिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया हो;

(ङ) "परीक्षणानुसार निरीक्षण" से यह अवधारित करने की प्रक्रिया अभिप्रेत है कि क्या निर्यात के लिए बनी साईकिलों का परीक्षण परिषद् द्वारा अधिकथित ढंग से अधिकरण द्वारा निरीक्षण और परीक्षण करके मानक विनिर्देशों के अनुरूप

(च) "उत्पादन के दौरान प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण" से ऐसी क्वालिटी नियंत्रण प्रणाली अभिप्रेत है जिसके द्वारा विनिर्माण एकक यह सुनिश्चित करता है कि साईकिल सामग्री तथा संघटकों के क्रय, विनिर्माण, निरीक्षण, परिरक्षण तथा पैकिंग के विभिन्न प्रक्रमों पर नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए विनिर्देशों के अनुरूप करने के लिए परिषद द्वारा अधिकथित ढंग से विनिर्मित की गई है;

(छ) "कालिक दौरा" से अनुमोदित यूनिट में अभिकरण के अधिकारियों द्वारा बीच-बीच में प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण अपेक्षाओं की अनुरूपता को सुनिश्चित करने के लिए किए गए दौरे अभिप्रेत है ;

(ज) "स्थल पर जांच" से परिषद द्वारा अधिकथित ढंग से प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण की अनुमोदित यूनिट द्वारा दिए गए निर्यात परेषण की मानक विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए अभिकरण द्वारा निरीक्षण अभिप्रेत है ;

(झ) "साईकिल" से दो पहिया या तिपहिया यान अभिप्रेत है जिसमें पहियों के आगे पीछे करने की सुविधा, सवार के लिए गद्दी एक स्टैरिंग हैन्डल तथा सवार के पैरों से नोदन के लिए क्रेंक लगे हों तथा इसमें उसके पुर्जे, संघटक और उपसाधन भी सम्मिलित है ।

3. निरीक्षण की आधार :— साईकिलों का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि साईकिलों की क्वालिटी केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है; अर्थात:—

(क) राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त निकायों के मानक;

(ख) उपाबन्ध-II में उपवर्णित न्यूनतम विनिर्देशों के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच करार पाये गये निर्यात संविदा के विनिर्देश ।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया :—

(1) प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण—कोई भी विनिर्माण यूनिट जो अपने द्वारा विनिर्मित साईकिलों का निर्यात करने का इच्छुक हो तथा जिसके पास प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण हो, प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण के अधीन अनुमोदन प्राप्त करने के अपने आशय की सूचना देते हुए अभिकरण को आवेदन करेगा ।

(2) विनिर्माण यूनिट द्वारा प्रयोग में लाई गई प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण की पर्याप्तता का निर्धारण करने के लिये अभिकरण व्यवस्था करेगा तथा यदि उसका समाधान हो गया हो तो विनिर्माण यूनिट को अनुमोदित यूनिट के रूप में घोषित कर देगा ।

(3) अपना यह समाधान करने के प्रयोजन के लिये कि अनुमोदित यूनिट द्वारा अनिवार्य प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण जारी है, अभिकरण कालिक दौरे तथा मौके पर जांच करेगा ।

(4) प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण, के अधीन यूनिट को दिया गया अनुमोदन विनिर्माण यूनिट को कम से कम सात दिन की सूचना देने के पश्चात् परिषद् द्वारा इस बाबत अधिकथित मानों के अनुसार अभिकरण द्वारा वापिस ले लिया जायेगा ।

(5) यूनिट जिसका अनुमोदन वापिस ले लिया गया है, दोषों में परिशोधन के पश्चात् पुनः अनुमोदन के लिये अभिकरण को नया आवेदन दे सकेगा ।

2. परेषणानुसार निरीक्षण :

(1) साईकिलों के परेषण का निर्यात करने का आशयित निर्यातकर्ता निरीक्षण के लिये लिखित सूचना देगा और ऐसी सूचना के साथ ऐसे निर्यात से संबंधित निर्यात संविदा में अनुबंधित सभी तकनीकी विशेषताओं के ब्यौरे देते हुए विनिर्देशों की घोषणा भी परेषण के देने के कम से कम चार दिन पहले प्रस्तुत करेगा ताकि अभिकरण नियम 3 के और उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार निरीक्षण कर सके ।

(2) अभिकरण अपना यह समाधान होने पर कि परेषण मानक विनिर्देशों और अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुरूप है यह सूचना प्राप्त होने के चार दिन के भीतर निर्यात के लिये निरीक्षण प्रमाण-पत्र जारी करेगा ।

(3) परन्तु जहां अभिकरण का ऐसा समाधान नहीं हो पाता है तो वह उक्त चार दिन की अवधि के भीतर उसके कारणों सहित लिखित रूप में प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार कर सकेगा ।

5. निरीक्षण का स्थान :—इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण निम्नलिखित परिसरों में किया जायेगा :

(क) विनिर्माण यूनिट के परिसर पर, या

(ख) उस परिसर पर जहां निरीक्षण के लिये माल प्रस्तुत किया गया हो परन्तु यह तब जब कि इस प्रयोजन के लिये वहां पर्याप्त सुविधायें विद्यमान हों, या

(ग) पोत लदान पत्तन पर ।

6. निरीक्षण फीस :—निर्यातकर्ता अभिकरण को नियमानुसार फीस संदत्त करेगा :—

(1)(क) प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण योजना के अधीन निर्यात के लिये पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के

0.2 प्रतिशत की दर से किन्तु कम से कम 20 रु. प्रति परेषण;

(ख) परेषणानुसार निरीक्षण के अधीन निर्यात के लिये पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.4 रु. प्रतिशत की दर से किन्तु कम से कम 20 रु. प्रति परेषण।

(2) उन विनिर्माताओं/निर्यातकर्ताओं के लिये जो संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के पास लघु उद्योग यूनिटों के रूप में रजिस्ट्रीकृत हैं, (क) और (ख) के लिये दरें क्रमशः 0.18 रु. प्रतिशत और 0.36 रु. प्रतिशत होंगी किन्तु कम से कम 20 रु. प्रति परेषण होगी।

(3) उन यूनिटों द्वारा विनिर्मित मदों के निर्यात के लिये जिनके पास पर्याप्त प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रण स्तर है तथा जो वाणिज्यिक निर्यात-कर्ताओं द्वारा निर्यात की जाती है पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.3 प्रतिशत की दर से किन्तु कम से कम 20 रुपये प्रति परेषण।

7. अपील :—

(1) नियम 4 के उप नियम (3) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र देने से इंकार करने से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने के दस दिन के भीतर इस प्रयोजन के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञों के पैनल को, अपील कर सकेगा।

(2) निर्यात के विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के कम से कम दो तिहाई सदस्य गैर सरकारी होंगे।

(3) निर्यात के पैनल की गणपूर्ति तीन होगी।

(4) अपील प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर निपटा दी जायेगी।

उपाबन्ध—2

1. घंटी

1. डिजाइन और विमाएं :—

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच करार के अनुसार होंगी।

2. कारीगरी और फिनिश :—

2.1 पुर्जे खुरदरेपन, खरोचों और अन्य विनिर्माण दोषों से मुक्त होंगे।

2.2 घंटी —डोम और लीवर निकल तथा क्रोम चढ़े होंगे जिसमें बाहरी सतह पर निकल की न्यूनतम मोटाई 0.008 मि० मीटर होगी। परत (प्लेटिंग) एक सी होगी और परत दाग जैसे मुहे, उठान, प्लेट न हुए भाग, दरारें और धब्बों से मुक्त होंगे परन्तु मूल धातु पर मजबूती से जमी होनी चाहिये और रन्ध्र रहित होगी। अन्य सभी पुर्जों और शाम की अन्दर की सतह का जंग निवारण के लिये समुचित रूप से उपचार किया जायेगा। रीविट गाल्वनीकृत हो सकता है या उन पर जिंक भी चढ़ी हो सकती है।

3. निष्पादन :—

3.1 घंटी ठीक से बजेगी और स्पष्ट बजने की धात्विक आवाज उत्पन्न करेगी।

4. परीक्षण :—

4.1 आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट-1 के अनुसार।

4.2 फैरोलिक परीक्षण—परिशिष्ट-1 के अनुसार।

2. निचले ब्रेकेट की धुरी

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 निम्नलिखित के अधीन रहते हुए डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी :

	प्रकार I	प्रकार II
(क) बियरिंग भाग का व्यास	न्यू 16.45 मिमी अधि 16.65 मिमी	16.45 मि मी 16.65 मीमि
(ख) क्रेंक भाग का व्यास	न्यू 15.65 मिमी अधि. 1582 मिमी	16.80 मिमी 16.00 मिमी
(ग) काटर पिन स्लाट की मोटाई	न्यू 12.60 मिमी अधि 12.90 मिमी	12.30 मिमी 12.70 मिमी

(घ) कुल लम्बाई की सहायता ±1.0 मि. मी. होगी।

(ङ) धुरी के अंतिम सिरे और काटर पिन स्लाट के निकटतम सिरे के बीच की न्यूनतम दूरी 3 मि. मी. होगी।

2. कारीगरी और फिनिश

2.1 धुरी की फिनिश समतल, खुरदरेपन, खरोचों और अन्य विनिर्माण त्रुटियों से मुक्त होगी। दोनों बियरिंग सतह के मध्य ग्राह्य सत्केन्द्रता 0.30 मि. मी. से अधिक नहीं होगी।

2.2 धुरी रासायनिक रूप से रंग की हुई या विद्युतलेपित होगी। जब विद्युतलेपी हो तब सतह परत दोषों जैसे, गढे, ऊंचा नीचा, परत किए हुए भाग और दरारों से मुक्त होंगी।

3. कठोरता

3.1 धुरी का समुचित रूप से ऊष्मा उपचार किया जाएगा। कठोरता 30 किलोग्राम भार पर 400 उच्च वोल्टता (एचवी) और 800 उच्च वोल्टता (एचवी) के बीच होगी।

3. निचले ब्रेकेट के कप (समायोज्य और स्थिर)

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 निचले ब्रेकेट के कपों का डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित के अधीन रहते हुए, क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी :—

(क) भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यों की न्यूनतम आंतरिक गहराई और पूर्ण चौड़ाई निम्नलिखित के अनुसार होगी :—

	अन्दर की न्यूनतम गहराई मि., मीटर में	संपूर्ण चौड़ाई मि. मीटर में
1. स्थित प्रकार I	10.5	13.9
2. स्थिर प्रकार II	8.8	12.2
3. स्थिर प्रकार III	8.50	12.50
4. समायोज्य प्रकार I	10.5	13.9
5. समायोज्य प्रकार II	10.0	13.4
6. समायोज्य प्रकार III	10.50	13.90

(ख) आहूय सिरों पर कपों का भीतरी व्यास—
न्यूनतम 29.8 मि. मी.
अधिकतम 30.2 मि. मी.

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 कप खुरदरेपन, खरोंचों और औजारों के चिन्हों से मुक्त होंगे। बियरिंग भाग की समुचित रूप से पालिस होगी।

2.2 समायोज्य और स्थिर कपों के लिए चूड़ी, यथास्थिति, 34.8×24 टी पी आई या 34.8×26 टी पी आई या 35×1 मि. मी. पिच साईकिल चूड़ी आर एच या एल एच की हो या क्रेता की अपेक्षानुसार होगी। चूड़िया पूरी बनी तथा सही होंगी। अधिकतम और न्यूनतम मुख्य व्यास सुसंगत भा. मा. विनिर्देश में दी गई सह्यताओं के अनुसार होना चाहिए।

2.3 कप रासायनिक रूप से रंग किए हुए या विद्युत लेपित होंगे। यदि विद्युत लेपित हो तो वे परत त्रुटियों, जैसे गढ़ों, उठानों लेप न किए भागों और दरारों से मुक्त होंगे।

3. कठोरता :

3.1 निचले ब्रेकेट कपों का समुचित रूप से ऊष्मा उपचार किया जाएगा। कठोरता 30 किलोग्राम एफ भार पर न्यूनतम 400 उच्च बोल्टना (एच वी) होगी।

4. आधारित ब्रेकेट लाक रिंग

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 आधारित ब्रेकेट लाक रिंग की डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच करार के अनुसार होंगी।

(i) मोटाई – 2.75 मि. मी. न्यूनतम

(ii) आंतरिक चूड़ी 34.8×24 टी पी आई या 26 टी पी आई या 35×1 की पिच साईकिल चूड़ी आर एच या क्रेता की अपेक्षानुसार होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2. वे नुकीले किनारों, खुरदरे या अन्य विनिर्माण दोषों से मुक्त होंगी।

2.2 चूड़ियां पूरी बनी और सही होंगी।

2.3 रिंग रासायनिक रूप से रंग किए हुए विद्युत लेपित होंगी यदि जब विद्युत लेपित हो तो परत दोषों जैसे गढ़ों, उठानों, लेप न किए गए भागों और दरारों से मुक्त होंगे।

5. ब्रेक

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 ब्रेक के भाग खुरदरे और नुकीले किनारों से मुक्त होंगे। रिबेट सही होंगे।

2.2 ब्रेक लिंको की ड्रिल सकेन्द्रित होंगी।

2.3 नट और पेचों की चूड़ियां सही होंगी।

2.4 ब्रेक के पुर्जे या निकल और क्रोम चढ़े होंगे या स्टोव इनेमल के एकसार फिनिश होंगे या गाल्वनीकृत होंगे। परत दृश्यमान परत दोषों जैसे गढे, उठानों, लेप न किए गए भाग दरारों या धब्बों से मुक्त होंगे। ब्रेक की पादाधार पर जब निकल या क्रोम चढ़ी हो तो न्यूनतम निकल मोटाई 0.006 मि.मी. और बच्चों की साईकिल के लिए 0.005 मि. मी. होगी।

3. कठोरता :

3.1 ब्रेक जूते की रबड़ की कठोरता 70° से 90° चलोरीस्कोप के बीच होगी।

4. परीक्षण :

4.1 विद्युत लेपन

(क) आसंजना परीक्षण—परिशिष्ट I के अनुसार

(ख) फेरोक्सिल परीक्षण—परिशिष्ट I के अनुसार

6. पम्प

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 पम्प खुरदरेपन और नुकीले किनारों से मुक्त होगा।

2.2 पम्प संयोजकों में और पम्प की बाडी में चूड़ियां ठीक से लगी होंगी।

2.3 पम्प का कार्यकरण निर्बाध होगा।

2.4 बाडी में जुड़े पम्प के जोड़ों या ट्यूब से जुड़े जोड़ों में से हवा का रिसाव नहीं होगा।

2.5 पम्प पर निकल और क्रोम चढ़ा होगा जिसमें न्यूनतम निकल की मोटाई 0.008 मि. मी. होगी या स्टोव एनेमल से एकसार पूर्ण होगी। जब परत चढ़ी हो तो वह दृश्यमान परत दोषों जैसे गढ़े, उठानों, सफेद, धब्बों, बिना प्लेट न हुए भागों, दरारों या धब्बों से मुक्त होगी।

2.6 परत, मूल धातु पर मजबूती से जमी होनी चाहिए और रन्ध्र रहित होगी। यदि पेंट किया गया है तो 3.2 में किए गए परीक्षण पर खरा उतरना चाहिए और जब निकल या क्रोम की परत चढ़ा हो तो 3.3 में दी हुई अपेक्षाओं की पूर्ति होनी चाहिए।

3. परीक्षण :

3.1 कार्य क्षमता परीक्षण – पम्प I किलोग्राम/सें. मी. 2 के दबाव को विकसित करने में सक्षम होगा।

3.2 लवण घोल परीक्षण – परिशिष्ट – I के अनुसार

3.3 विद्युत लेपन :

(क) आसंजन परीक्षण – परिशिष्ट I के अनुसार

(ख) फैरोक्सिल परीक्षण – परिशिष्ट I के अनुसार

7. चैन पहिया और क्रेंक

1 डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित अपेक्षाओं के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी :—

	प्रकार – I	प्रकार – II
(क) गियर कैंस निकासी	न्यू 8.9 मि मी.	न्यू. 8.9 मिमी.
(ख) धुरी छिद्र का व्यास	न्यू. 15.85 मिमी अधि. 16.00 मिमी	न्यू० 16.00 मिमी अधि. 16.15 मिमी
(ग) काटर पिन छिद्र का व्यास	न्यू 9.4 मि मी. अधि. 9.7 मिमी	न्यू. 9.0 मिमी. अधि. 9.15 मिमी
(घ) पैडल छिद्र पर क्रेंक फ्रैंक की मोटाई	न्यू. 9.5 मिमी.	न्यू. 9.50 मिमी
(ङ) आधारित क्रेंक धुरी छिद्र पर बाएं क्रेंक की मोटाई	न्यू. 17.5मिमी	न्यू. 17.50 मिमी
(च) निचले क्रेंक धुरी छिद्र पर चारों ओर दीवार क्रेंक की दीवार मोटाई	न्यू. 16.15 मिमी (बच्चों की साईकिल के लिए न्यूनतम 5.00 मि. मी)	
(छ) चैन पहिये के दांतों की वृत्तीय दूरी	12.70 मि मी तत्स्थानी चैन से जांच की जाएगी।	
(ज) पेडिल धुरी छिद्र पर चूड़ी	एल एच और आर एच क्रेंक के लिए क्रमश 14.3×20 टी पी आई या 14.00×1.25 मि. मी. की पिच क्रमशः एल. एच. या आर. एच., एल एच और आर एच क्रेंक के लिए	

(झ) क्रेंक की कुल लम्बाई पर सहायता ± 3 मि. मी. होगी।

(ञ) निचले क्रेंक धुरी छिद्र की मध्य लाइन और काटर पिन छिद्र के मध्य लाइन की दूरी प्रकार-I के लिए 7.8 मि. मी. से 8.2 मि. मी. के मध्य होगी और प्रकार–II के लिए 8.0 से 8.4 मि. मी. होगी।

(ट) चैन पहिए की मोटाई 2.64 किलोमीटर से कम नहीं होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :—

2.1 क्रेंक में गढ़ई दोष, जैसे दरारें, गढ़े और स्क्रेप नहीं होंगी। क्रेंक समान फिनिश का होगा और नुकीले किनारों को गोल किया गया होगा।

2.2 चैन पहिया एक लेन में सही बैठने वाला होगा। दातें सही और ठीक बैठने वाले होंगे तथा साईकिल की चैन के उपयुक्त होंगे। चैन पहिए खुरदरेपन, दरारों और अन्य दोषों से मुक्त होगा तथा केन्द्रीय धुरी के लिए क्रेंक छिद्र संकेन्द्रित होंगे।

2.3 क्रेंक और चैन के पहिए पर निकल और क्रोमियम चढ़ी होगी। निकल की परत की मोटाई कम से कम 0.008 किलोमीटर होगी। परत चढ़ी सतह दृश्यमान दोषों जैसे गढ़ों, उठानों बिना प्लेट हुए भागों, दरारों और धब्बों से मुक्त होगी। परत धातु पर मजबूती से जमी होगी और रन्ध्र रहित होगी।

3. परीक्षण :—

3.1 विद्युत लेपन

3.1.1 आसंजन परीक्षण – परिशिष्ट–I के अनुसार

फैरोक्सील परीक्षण – परिशिष्ट –I के अनुसार

3.2 भार परीक्षण – क्रेंक चैन का पहिया संयोजन मजबूती से सपाट क्रेंक पर अर्ध रूप से समतल पर लगाया जाएगा और पैंडल स्पिंडल के लिए भार छिद्र के बीच से लागू किया जाएगा समायोजन को पैंडल छिद्र पर बिना टूटे या जोड़ खुले बिना 180 किलोग्राम भार झेलना होगा। बच्चों की साईकिल के लिए समायोजन में पैंडल छिद्र पर बिना टूटे या जोड़ खुले बिना 150 किलोग्राम का भार झेलना होगा

8. काटर पिन

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 निम्नलिखित के अधीन रहते हुए डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी।

	प्रकार–I	प्रकार–II
(क) चूड़ीदार भाग की न्यूनतम लम्बाई	18 मि० मी०	18 मि० मी०

		प्रकार-I	प्रकार-II
(ख)	शुंडाकार के छोटे किनारों की मोटाई	न्यू० 7.4 मि०मी०	न्यू० 7.00 मि० मी०
		अधि० 7.8 मि० मी०	अधि० 7.10 मि. मी०
(ग)	शुंडाकार के बड़े किनारों का व्यास	न्यू० 9.3 मि० मी	न्यू० 8.80 मि०मी०
		अधि० 9.55 मि०मी०	अधि० 9.00 मि०मी०
(घ)	चूड़ीदार भाग की न्यूनतम	लम्बाई—10 मि० मी०	
(ङ)	चूड़ी लगाना—67×26 टीपी आई या 17 1 मि०मी० पिच आर० एच०		

कॉटर पिनों के साथ उचित वाशर और ढिबरी लगाई जाएगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 काटर पिनों की ढलाई और काटर एक सार होंगे तथा केन्द्रीय धुरी पर क्रैंक को मजबूती से उचित सुविधा देगा।

2.2 चूड़ियां एक जैसी और सही होंगी जिसमें की क्रैंक को हिलाने या ढीला होने से बचाने के लिए नटों को कसने में सुविधा रहे।

2.3 काटर पिन, वाशर और नट पर या तो रासायनिक रूप से रंगीन या जिंक कैडमियम या निकल क्रोम की परत चढ़ी होगी।

9. डायनमो :

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 संघटक खुरदरेपन और नुकीले किनारों से मुक्त होंगे।

2.2 चुम्बक धुरी पर स्वतन्त्र और सही चलेगा/अधिकतम उत्केन्द्रिता 0.2 मि०मी० (0.008) से अधिक नहीं होगी।

2.3 संश्लिष्ट बियरिंग अधिकतम 0.05 मि०मी० उत्केन्द्रिता के साथ सकेन्द्रीय घूमेगा।

2.4 संयोजन में रोलर की उत्केन्द्रिता 0.05 मि०मी० से अधिक नहीं होगा।

2.5 (i) डायनमों की आगे और पीछे की बत्ती पर निकल और क्रोम की परत चढ़ी होगी जिसमें निकल की मोटाई अधिकतम 0.01 मि०मी० होगी। परत दृश्यमान दोषों, जैसे गढ़ों, उठानों धुंधले धब्बों, प्लेट न हुए भागों दरारों और धब्बों से मुक्त होगी। परत मूल धातु पर मजबूती से जमी होगी और रन्ध्र रहित होगी।

(ii) पीछे की बत्ती और आगे की बत्ती किसी भी समुचित प्लास्टिक से बनाई जा सकती है।

(iii) डायनमों की पीछे की बत्ती और आगे की बत्ती पर एनेमल भी किया जा सकता है।

2.6 आगे और पीछे की बत्ती के अन्दर की ओर जंग रोधी लेपन किया जाएगा।

2.7 डायनमों के साथ समुचित आगे और पीछे की बत्ती जिसमें, बल्ब, डायनमों के लेम्प, बाडी सेट क्लैम्प और जोड़ने वाली तार लगी होंगी, दी जाएगी।

3. परीक्षण 3.1 (i) कार्यक्षमता परीक्षण—(क) डायनमों का परीक्षण 10 एम पी एच या 16 कि०मी० एच की गति से किया जाएगा। उत्पादित वोल्टता निर्धारित वोल्टता से 10 प्रतिशत से अधिक भिन्न नहीं होगी।

(ख) ब्रैकेट को स्प्रिंग की कार्यक्षमता का परीक्षण करने के लिए 50 बार संचालित किया जाएगा जो परीक्षण के अन्त में टूट-फूट के कोई चिह्न दर्शित नहीं करेगा।

(ii) विद्युत लेपन :—

(क) आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट 1 के अनुसार

(ख) फेराबिसल परीक्षण—परिशिष्ट I के अनुसार

10. पहिए का ताने (स्पोक और निप्पल) :

1 सामग्री .

1.1 ताने (स्पोक) चमकदार गाल्वीकृत उच्च कार्बन स्टील तार से बनाई जाएगी जिनकी अन्तिम तनन क्षमता 100 से 130 किलोग्राम एफ/मि०मी० से कम नहीं होगी।

2. डिजाइन और विमाएं :

2.1 निम्नलिखित विमाओं और सह्यताओं के अधीन रहते हुए, (स्पोक) और निप्पल का डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी। ताने (स्पोक)

(क)	नामीय तार का व्यास	±0.03 मि० मी०
(ख)	कुल लम्बाई	±0.0 मि०मी०
(ग)	चूड़ी की लम्बाई न्यूनतम	10 मि० मी०
(घ)	झुकाव का कोण निप्पल	95° ±5° −0°

(क) कुल लम्बाई न्यूनतम 10.5 मि०मी०

(ख)

तान (स्पोक) तार	15 जी (1.8 मि.मी.)	14 जी (2.0 मि.मी.)	13 जी (2.3 मि.मी.)	12 जी (2.64 मि.मी.)	10 जी (3.25 मि.मी.)
निप्पल के अग्र-भाग का व्यास मि० मी०	6.0	6.0	7.3	7.3	9.2
वर्गाकार भाग मि०मी०	3.26	3.29	3.8	3.8	5.0

निप्पल अग्रभाग के व्यास पर सहयता ±0.5 मि०मी०
±0.1 मि०मी०

वर्गाकार भाग पर सहयता ±0.13 मि०मी०

3. कारीगरी और फिनिश :

3.1 स्पोक पर चूड़ी इस प्रकार होनी चाहिए जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि निप्पल और स्पोक के बीच भली प्रकार फिट हो जाएगी और उनकी अदला बदली भी की जा सके।

3.2 गाल्वनीकृत होगी या निकल परत चढ़ी स्पोक होगी।

3.3 निप्पल निकल की परत चढ़ी होगी और दृश्यमान दोषों से मुक्त होगी।

3.4 वाशर गाल्वनीकृत टिन चढ़ा या पत्तर चढ़ा होगा

4. परीक्षण :

4.1 झुकाव परीक्षण--(स्पोक) तान आगे और पीछे की ओर कम से कम तीन बार 180° कोण पर परिधि के बराबर अर्ध व्यास पर बिना टूटन चिह्न दर्शित झुका होगा। 90° का पहला झुकाव गिनती में नहीं लिया जाएगा

4.2 लेपन परीक्षण :

स्पोक को मेथाइस स्प्रिट से साफ करने के बाद 1.86 (18.2° सेन्टीग्रेड) अपेक्षिक धनत्व वाले कापर सल्फेट घोल में 30 सेकेन्ड अवधि तक डुबोया जाएगा। परीक्षण के अन्त में स्पोक को पानी में धोने के पश्चात् उस पर कोई लाल चीज जमा नहीं दिखनी चाहिए।

4.3 विद्युत लेपन :

आसंजन परीक्षण-परिशिष्ट । के अनुसार

11. मुक्त पहिया (फ्री व्हील) :

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 मुक्त पहिए का डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी। दांते दार पहिए के दांतों का आकार ऐसा होगा जो साईकिल चेन के लिए उपयुक्त हो।

1.2 पश्च हब पर फिटिंग के लिए मुख्य भाग के साईकिल चूड़ी 34.8×24 टी पी आई या 34.7×1 मि०मी० पिच होगी। मुक्त पहिए पर चूड़ी की जांच करने हेतु चूड़ी गेजों पर संगत भारतीय मानक या बि० मानक के अनुसार दी गई सहयता का अनुपालन किया जाएगा। बच्चों की साईकिल के लिए मुख्य भाग में साईकिल चूड़ी 0.970×20 टी पी आई या इसके समतुल्य होगी।

2. कारीगरी और फिनिश .

2.1 गोली धावपंथों की आन्तरिक सतह अच्छी तरह से परिरूपित होगी कि यह सुनिश्चित हो सके कि गोलियां निर्बाध रूप से चलेंगी।

2.2 संघटकों को पूर्ण रूप से धोया जाएगा और गोला धावपंथों में संयोजन से पूर्व ग्रीस लगाई जाएगी।

3. कठोरता .

3.1 संघटकों को नीचे कथित न्यूनतम कठोरता तक कठोर किया जाएगा।

*(i) मुक्त पहिए की दंतरिका—5 किलोग्राम भार पर 400 एच वी

(ii) पेच बैजल—किलोग्राम भार पर 400 एच वी

(iii) मुख्य भाग—किलोग्राम भार पर 400 एच वी

(iv) स्टील की गोली—किलोग्राम भार पर उच्च कार्बन के लिए 600 एच वी तथा उच्च कार्बन उच्च क्रोमियम के लिए 700 एच वी.

(v) पाल—5 किलोग्राम भार पर 444 एच वी

*मल्टी स्पीड मुक्त पहिए के लिए कठोरता 350 एच वी होगी।

4. परीक्षण

4.1 घूर्णन परीक्षण .--मुक्त पहिया बिना असम्यक घर्षण के और बिना कंपन पैदा किए घूमेगा।

4.2 विक्षेप परीक्षण :--मुक्त पहिए को जब ठीक से चढ़ाया जाए और पहिया दंतरिका को घुमाया जाए तो धुरीय और त्रिज्या विक्षेप 0.4 मि. मी. से अधिक नहीं होगा। बहुगति वाले मुक्त पहिए के लिए धुरीय त्रिज्या विक्षेप क्रमशः अधिकतम 0.8 मि. मी. और 0.5 मि. मी. अनुज्ञेय होंगे। विक्षेप को मुक्त पहिए चक्र के गोलाकार किनारे से मापा जाएगा। मुक्त पहिया जब धुरीय और त्रिज्या विक्षेप दोनों के लिए दंत तल पर चैक किया जाएगा तब धुरीय और त्रिज्या विक्षेप दांतों पर मूल्य 0.5 मि. मी. से अधिक नहीं होना चाहिए।

12. आगे का चिमटा

1. डिजाइन और विमाएं

1.1 डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी।

(क) फोर्क कालम 25.4×1.62 मि. मी. नली से बनाया जाएगा।

(ख) कालम का आन्तरिक व्यास आकार में अधिकतम 22.83 मि. मी. की और न्यूनतम 22.25 मि. मी. तक बढ़ाया जाएगा।

(ग) कालम पर चूड़ी की न्यूनतम लम्बाई 25 मि. मी. होगी।

(घ) चिमटे के किनारे का व्यास 26.67 मि. मी. और 26.77 मि. मी. के बीच या 27.00 और 27.10 मि. मी. के बीच होगा। बच्चों की साईकिल के लिए फोर्क किनारे का व्यास 26.75 मि. मी. ±1 मि. मी. या 27.10± मि. मी. होगा।

(ङ) क्राउन के आधार से 50.8 मि. मी. दूरी पर चिमटे की टांगों के बीच की दूरी 50.8 मि. मी. से कम नहीं होगी।

(च) चिमटे के कालम की चूड़ियां 25.4 मि. मी. और 24.26 टी पी आई या 25.1 मि. मी. आई एस ओ मीटरिक इसके समतुल्य होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 चिमटे को दोनों टांगों और उर्ध्व पट्टे फोर्क के बीच से लम्बाई के अनुसार वर्गाकार फिट किया जायेगा और जोड़ों पर ठीक से टांके लगाए जाएंगे। दोनों टांगे उर्ध्व पट्टे की केन्द्र रेखा के समानान्तर होंगी।

2.2 हब की धुरी, केन्द्र रेखा पर समान लम्बित होगी। चिमटे के किनारे की समानान्तर और वर्गाकार होंगे। चूड़ियां इस प्रकार बनी होंगी जिससे कि लगाने और बदलने में सरलता हो।

2.3 अच्छी फिनिश के लिए चिमटा पूर्ण रूप से साफ, जंगरोधी, स्टोव ऐनेमल किया हुआ या विद्युत्त लेपित होगा। पेंट एकसार और दोषों से मुक्त होगा।

2.4 क्राउन कवर अच्छी तरह विद्युत लेपित और पीतल या स्टील से बना होगा।

3. परीक्षण :

3.1 चिमटा निम्नलिखित के लिए परीक्षित किया जाएगा।

3.1.1 टांके के लिए ध्वनि परीक्षण :—चिमटे की टांगों और कालम पर 1/2 कि. ग्रा. हथौड़े से चोट की जाएगी। आवाज स्पष्ट होनी चाहिए।

3.1.2 भार परीक्षण :—चिमटा अपने स्टेम पर मजबूती से लगा होगा और उसकी धुरी क्षैतिज होगी और चिमटे की टांगों के सिरे ऊपर की ओर मुड़े होंगे। जिससे कि चिमटे के क्राउन और कुम्भाजा के बीच 8 मि. मी. दूरी रहे। उर्ध्वाधर भार चिमटे के सिरों पर ठीक वहां डाला जाएगा जहां सामने के हब की धुरी लगाई जानी है जिससे की भार दोनों सिरों पर बराबर बना रहे। भार 45 किलोग्राम तक पहुंचाने तक धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा। (बच्चों की साईकिल के लिए भार 40 किलोग्राम होगा) चिमटे को इस प्रकार लदी हुई अवस्था में 30 सेकेंड तक रखा जाएगा, बाक्स प्रकार के क्राउन वाले चिमटे में भार हटाने के पश्चात् भार बिन्दु पर 1.6 मिलीमीटर से अधिक स्थायी संदर्शन नहीं होना चाहिए। चिमटे के अन्य डिजाइन, जैसे दोहरी नली अक्षिक-प्रकार और खेल-प्रकार, आदि में स्थायी सेट 2.5 मिलीमीटर से अधिक नहीं होगा।

3.1.3 विस्तारण परीक्षण :—मैंड्रल या किसी अन्य उचित युक्ति पर धकेलने पर जब 13 मिलीमीटर तक उन्हें फैलाया जाए तब (बच्चों की साईकिल में 10 मिलीमीटर तक) चिमटे की टांगों और मुक्त सिरों के बीच की दूरी में माप की साधारण पद्धति के अधीन कोई भी मापने योग्य स्थायी वृद्धि दर्शित नहीं होनी चाहिए।

3.1.4 पेंटिंग के लिए परीक्षण :—

(क) बोल ड्राप परीक्षण—उपबंध I के अनुसार

(ख) नमक घोल परीक्षण—उपबंध I के अनुसार

3.5 विद्युत्त लेपन :—

(क) आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट I के अनुसार

(ख) फैरोकिसल परीक्षण—परिशिष्ट I के अनुसार

13. गद्दी के आधार स्तम्भ

1. डिजाइन और विमाएं

1.1 गद्दी के आधार स्तम्भ स्टील टयूब के बने होंगे। डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार निम्नलिखित के अधीन रहते हुए होंगी।

(i) पूर्ण लम्बाई न्यूनतम—125 मि. मी.

(ii) ग्रीवा की लम्बाई न्यूनतम—38 मि. मी.

(iii) ट्यूब की मोटाई न्यूनतम—1.0 मि. मी.

(iv) ग्रीवा भाग का बाहरी व्यास 22.22 ±0.5 मि. मी.

(v) गद्दी के आधार स्तम्भ का बृहत व्यास या तो 25.4±0.3 मि. मी. या 26.34±0.3 मि. मी. होगा।

2. कारीगरी और फिनिश

2.1 गद्दी के आधार पर स्तम्भ की फिनिश अच्छी होगी, और रासायनिक रूप से रंगीन, जिंक, या कैडमियम की

परत चढ़ी, एनेमल या निकल और क्रोम की परत चढ़ी होगी। निकल परत की दशा में परत की न्यूनतम मोटाई 0.006 मि. मी होगी।

3. परीक्षण :

3.1 विद्युत लेपन :—

3.1.1 आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट I के अनुसार

3.1.2 फैरोक्सल परीक्षण—परिशिष्टि—I के अनुसार

14. गद्दी

1. डिजाइन और विमाएं :—

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 सभी दाब और यांत्रिक संघटक नुकीले किनारों और खुरदरेपन से मुक्त होंगे।

2.2 चूड़ी एकसार और सही होंगे।

2.3 रिवेट पक्के और सही होंगे।

2.4 स्प्रिंग और अन्य भाग या तो रासायनिक रंगों या गाल्वीनीकृत काले या निकल या क्रीम के परत चढ़े होंगे।

3. परीक्षण :

3.1 सीट या तो चमड़े की बनी होगी या किसी अन्य संश्लिष्ट सामग्री की बनी होगी। गद्दी के ऊपरी भाग की फिनिश उचित प्रकार से की जाएगी वह किसी भी कटाव या अन्य दृश्यमान दोषों से मुक्त हों।

3.2 पक्का रंग :—हवा में सुखाए हुए, ब्लीच किए हुए (कलफ लगा नहीं) सूती सफेद कपड़े का परीक्षण किए जाने वाले चमड़े के नमूने को सतह पर रगड़ा जाएगा वह परीक्षण दुबारा गीले कपड़े के साथ किया जाएगा। गीले या सूखे कपड़े पर कोई रंग नहीं उतरना चाहिए।

3.3 आर्द्रता शोषण परीक्षण—पानी में 30 मनट तक पूर्णतः डुबोने पर साईकिल के चमड़े के भार में वृद्धि 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

15. साईकिल रिम :

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार निम्नलिखित के अधीन रहते हुए होंगी :—

(क) परिधि पर सहायता + 2 मि. मी.
—1 मि. मी.

(ख) प्रोफाइल सहायता

(1) पूरी ऊंचाई ± 0.5 मि. मी.

(2) पूरी चौड़ाई ± 0.5 मि. मी. (बच्चों की साईकिल के लिए ± 1 मि. मी में)

(3) आन्तरिक चौड़ाई ± 0.5 मि. मी (परख के मध्य) —1.0 मि. मी.

(ग) परख की ऊंचाई—अधिकतम ± 5.9 मि. मी.
न्यूनतम न्यूनतम—7.7 मि. मी.

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 वाल्व छिद्र विपरीत जोड़ों के सामने केन्द्र से लगभग 2 स्पोक छिद्रों के केन्द्र पर रिम के कोण पर पंच या ड्रिल किया जाएगा।

2.2 पहिए के घेरे के आगे और रिम के समीप छिद्रों की संख्या विदेशी क्रेता के साथ हुए करार के अनुसार होगी।

2.3 पहियों के घेरे के छिद्र लगभग समान दूरी पर होंगे। और अनुमानतः रिम की केन्द्रीय रेखा के किसी भी ओर होंगे।

2.4 रिम पर निकल या क्रीम की परत चढ़ी होगी। परत की न्यूनतम मोटाई निम्नलिखित के अनुसार होगी :
निकल—0.008 मि. मी.

क्रेता की विशिष्ट मांग की दशा में रिम के केन्द्र पर मंद फिनिश की जा सकती है।

3. परीक्षण :

3.1 संपीडन परीक्षण—रिम को भार बिन्दुओं को जोड़ने वाली रेखा के समकोणों पर वेल्ड रखते हुए दो स्पोंटो के बीच रखा जाएगा। रिम पर उर्ध्वाधर संपीडन के लिए भार 30 किलो से प्रारम्भ किया जाएगा। भार को धीरे-धीरे 10 किलो से 70 किलो तक बढ़ाया जाएगा जो 2 मिनट तक रखा जाएगा और फिर छोड़ दिया जाएगा। रिम की परिधि पर स्थायी सेट 2.5 मि. मी. से अधिक नहीं होगा।

3.2 विद्युत लेपन :—

3.2.1 आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट 1 के अनुसार

3.2.2 फैरोविमल परीक्षण—परिशिष्ट 1 के अनुसार

16. पैडल

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार निम्नलिखित के अधीन रहते हुए होंगी।

पैडल धुरी

क्रेंक के सिरे पर चूड़ीदार भाग की लम्बाई न्यूनतम 8.0 मि. मी. चूड़ी—सीधे हाथ और उल्टे हाथ की ओर पैडल क्रमशः 14.28×1.27 या 24×1.25 मि. मी. सीधे हाथ या बाएं हाथ होंगे।

शंकू—धारक छड़ से होगा। वहन भाग औजारों के चिन्ह रहित ठीक से मशीनीकृत होगा।

रबड़—रबड़ के एक जोड़े का भार 165 ग्राम से अधिक नहीं होगा। रबड़ विनिर्माण के दोषों से मुक्त होगा।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 पैडल धुरी, शंकू और ढिबरी के दोनों किनारों की चूड़ियां की फिनिश बराबर होगी ताकि समुचित फिटिंग सुनिश्चित की जा सके।

2.2 पैडल धुरी, पैडल छड़, शंकु या ढिबरी पर रासायनिक रूप से रंग किया हुआ या विनिर्दिष्ट रूप से अनुरोध किए जाने पर प्राकृतिक रूप में प्रदाय किया जा सकता है।

2.3 नली, कोर, स्ट्रेचर, छड़ें और ढक्कन यदि इस्पात के बने हो तो उसका फिनिश बराबर तथा रासायनिक रूप से रंग किए हुए या उन पर इनेमल या निकल या क्रीम या की परत चढ़ी होगी जब परत चढ़ाई जाएगी तो निकल की न्यूनतम मोटाई 0.004 मि. मी. होगी।

3. कठोरता :

3.1 पैडल धुरी और धुरी शंकु की न्यूनतम कठोरता क्रमशः 5 किलोग्राम एफ भार पर 400 उच्च वोल्टता होगी तथा गोली की न्यूनतम कठोरता 5 किलोग्राम एफ भार पर हाई कौर्बन के लिए 500 एच वी और उच्च कार्बन उच्च क्रोमियम के लिए 700 एच वी होगी। जहां कहीं भी परावर्तक लगाए जाएं पैडल रबड़ की कठोरता 70° से 90° के बीच या न्यूनतम 65° होगी।

4. परीक्षण :

4.1 झुकाव परीक्षण; 800 एन का भार धीरे-धीरे स्पिंडल पर रखा जाएगा और एक मिनट अवधि तक रखा जाएगा। जब छोड़ा जाएगा स्पिंडल पर विक्षेप (स्थायी सेंट) 3 मि. मी. से अधिक नहीं होगा और दरार का कोई भी चिन्ह नहीं होना चाहिए।

1 किलोग्राम एफ—9806 न्यूटन (एन)

4.2 विद्युत लेपन—

आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट—1 के अनुसार

17. मडगार्ड

1. डिजाइन और विमाएं :—

1.1 डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी :—

(क) चौड़ाई (मध्य भाग के निकट)—न्यूनतम 46 मि. मी. (40 मि. मी. बच्चों की साईकिल के लिए)

(ख) गहराई—न्यूनतम 180 मि. मी.

(ग) प्रयोग की गई चादर की मोटाई—न्यूनतम 0.45 मि. मी. (0.40 मि. मी. बच्चों की साईकिल के लिए)

2. कारीगरी और फिनिश :—

2.1 मडगार्ड नुकीले किनारों, खुरदरेपन और अन्य विनिर्माण दोषों से मुक्त होगा।

2.2 मडगार्ड अच्छी तरह से साफ होगा जिससे जंग परत और तैलीय पदार्थों से मुक्त हो और फिर रासायनिक रूप से फास्फेट और स्टोव इनेमल या रंग छिड़काव किया जाएगा या अन्यथा चमकदार परिरूपण देने के लिए निकल या क्रोम की परत चढ़ी होगी।

2.3 रंग सिलवटों, फफोलों, असमतल और खरोंचों से मुक्त होगा।

3. परीक्षण

3.1. लवण घोल परीक्षण – परिशिष्ट –I के अनुसार

3.2 आसंजन परीक्षण – परिशिष्ट –I के अनुसार

18 क. साईकिल का ताला

1. डिजाइन और विमाएं :—

1.1. डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित के अधीन रहते हुए, क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी :—

मुख्य भाग के लिए चादर की न्यूनतम मोटाई 0.6 मि० मी० चाबी के लिए चादर की न्यूनतम मोटाई 1.5 मि० मी०

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 शौकिल की सीधें सही होगी और वह निर्बाध कार्य करेगा।

2.2 शौकिल के किनारे खुरदरेपन और नुकीले किनारों से मुक्त होंगे।

2.3 ताले का डिजाइन इस प्रकार होगा कि बिना खुले ताले की स्थिति में चाबी बाहर नहीं आए। चाबी सहज रूप में कार्य करे।

2.4 ताले के आन्तरिक भागों पर जंग रोधी परत चढ़ाई जाएगी।

2.5 ताला बन्द की स्थिति में कठोर लकड़ी के टुकड़े पर अडेगा और ताला अपने आप नहीं खुलेगा।

2.6 ताले पर स्टोव इनेमल होगा और एकसार फिनिश होगी।

3 परीक्षण

3.1 कार्य क्षमता परीक्षण – ताले का परीक्षण 50 बार खोलने और बन्द करने से किया जाएगा। उसके किसी पुर्जे को नुकसान नहीं होना चाहिए।

3.2 ताले को इस रीति से पैक किया जाएगा जिससे कि निरीक्षण अभिकरण उसके अवन्त-परिवर्तनशीलता की जांच कर सके जो चार में एक से कम नहीं होंगे।

18 ख – साईकिल का केबल ताला

1. डिजाइन और विमाएं :—

1.1 डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी :

चाबी के लिए चावर की न्यूनतम मोटाई 1.5 मि०मी० होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 चाबी और तालों के सभी संघटकों की फिनिश अच्छी होगी।

2.2 ताले के आंतरिक भागों पर जिसमें तार रस्सी भी है जंगरोधी परत चढ़ी होगी।

2.3 धातु कैसिंग या तो इनेमल से रंग की हुई होगी या उस पर निकल, क्रोमियम या जिंक की परत चढ़ी होगी।

2.4 ताला बन्द स्थिति में कठोर लकड़ी के टुकड़े पर अड़ेगा ताला अपने आप नहीं खुलेगा।

3. परीक्षण :–

3.1 कार्यक्षमता परीक्षण – ताले को 50 बार खोलकर और बन्द करके परीक्षण किया जाएगा इसमें पुर्जों को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए।

3.2 ताले को इस रीति से पैक किया जाएगा जिससे कि निरीक्षण अभिकरण अन्त परिवर्तन की जांच कर सके जो चार में से कम से कम एक होगा।

19. हब संयोजन

1. डिजाइन और विमाएं :–

1.1 डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित के अधीन रहते हुए क्रेता और विक्रेता के बीच करार पाए के अनुसार होगी :–

(क) हब स्पिंडल में से कुल लम्बाई पर सहायता ±3 मिमी०

(ख) रिम्र हब स्पिंडल की कुल लम्बाई पर सहायता ±3 मि०मी०

(ग) प्रत्येक और फ्रंट हब स्पिंडल की चूड़ियों की न्यूनतम लम्बाई ±30 मि०मी०

(घ) प्रत्येक और रिम्र हब स्पिंडल को चूड़ियों की न्यूनतम लम्बाई —40 मि०मी०

(ङ) हब संयोजन और शुकु की चूड़ियां या तो 7.94 × 26 टी पी आई या 9.52 × 26 टी पी आई होगी या 8 × 1 मि० मी० या आई एस ओ मीटरिक या 9.1 × 1 मि० मी० आई एस ओ मीटरिक

(च) मुक्त पहिए को लगाने के लिए रिम्र हब स्पिंडल पर चूड़ियों 34.8 × 24 टी पी आई या 35 × 1 मि० मी० पिच की होगी। अच्चों की साईकिल के लिए ये 34.8 मि० मी० × 24 टी पी आई या 34.70 × 1 मि० मी० पिच या 0.970 × 20 टी पी आई की होगी।

(छ) शुकुओं की बाह्य सतह के बीच की दूरी पर सहायता ± 3 मि० मी० (पूरे हब में)

(ज) हब कोरों की न्यूनतम मोटाई फ्रंट हब के लिए 1.9 मि मी० और रिम्र हब के लिए 2.2 मि० मी० होगी।

(झ) हब कोरों में छिद्रों की संख्या क्रेता और विक्रेता के बीच करार के अनुसार होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :—

2.1 (क) संघटकों की फिनिश अच्छी होगी।

(ख) डिबरियों (गोली धाव पंथ) के अन्दर का भाग चिकना होगा जिससे गोलियों का स्वतन्त्र रूप से घूमना सुनिश्चित किया जा सके।

(ग) स्पिंडल, शंकू और डिबरी पर चूड़ियां समुचित होगी। जब तक कि अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो हब कोरों के फ्रंट हब पर 16 स्पोक छिद्र और रिम्र हब पर 20 स्पोक छिद्र किए जाएंगे। दोनों कोरों में छिद्र अलग– अलग होंगे और स्पोक सिरों को स्वच्छन्द रूप से समंजित करने के लिए प्रत्येक कोर के दोनों ओर बारी–बारी पर धंसे हुए होंगे। फिटिंग अनुचित झटकों, या करार रहित होगी। चूड़ी अच्छी तरह से चढ़ी होगी। स्पिंडल, डिबरी, शंकू या कप या तो रासायनिक रूप से रंग किए हुए होंगे या उन पर रंगलेपित होगी। हब शेल और कोर पर निकल और क्रोम की परत चढ़ी होगी जिसमें निकल की लेयर की न्यूनतम मोटाई 0.008 मि० मी० होगी। धूल रोधी डिबरी धात्विक या अन्य किसी संश्लिष्ट धातु की हो सकती है। यदि डिबरी धातु की होगी तो उस पर निकल क्रोम की पलस्तर चढ़ी होगी या काली होगी। विशिष्ट अनुरोध पर स्पिंडल, गोली धाव पंथ और शंकु का प्रयास प्राकृतिक फिनिश में भी किया जा सकता है।

3. कठोरता :–

3.1 निम्नलिखित संघटकों को नीचे कथित न्यूनतम कठोरता प्राप्त करने तक कठोर किया जाएगा :–

(1) हब कप (गोली धाव पंथ)– 5 किलोग्राम एफ पर 400 उच्च वोल्टता

(2) शंकु — — 5 किलो ग्राम एफ भार पर 400 उच्च वोल्टता

(3) इस्पात की गोलियां — 5 किलोग्राम एफ भार पर हाई-कार्बन के लिए 600 एच बी और हाई कार्बन तथा हाईक्रोमियम के लिए 700 एच बी।

4. परीक्षण:—

4.1 संकेन्द्रीयता परीक्षण-फ्रंट और रियर हब के संयोजन अपनी धुरियों पर घुमेंगे। कोरों की सतहों पर हब शेल और गोलों पथ की केन्द्रीयता 0.4 मि. मी. से अधिक नहीं होगी।

4.2 रियर हब संयोजन अपनी धुरी पर घुमेंगे। गेज चूड़ीदार भाग की परिधि पर मापा जाएगा तो सकेन्द्रीयता 0.4 मि. मी. से अधिक नही होगी।

4.3 रियर हब संयोजन अपनी धुरी पर घुमेंगे। जब गेज चूड़ीदार भाग की परिधि पर मापा जाएगा तो सकेन्द्रीयता 0.4 मि मी. से अधिक नहीं होगी।

4.4 परत परीक्षण—

4.4.1 आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट–1 के अनुसार

4.4.2 फैरोकिसल परीक्षण—परीशिष्ट-1 के अनुसार

20. फोर्कफिटिंग्स

1. डिजाइन और विमाएं:—

1. डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच करार के अनुसार होगी। क्रेता की इच्छानुसार फोर्क के एक सैट में 5 से 7 नग हो सकते हैं।

2. कारीगरी और फिनिश:—

2.1 कटे की फिनिश चिकनी, खुरदरेपन से खरोंचों और औजार चिन्हों से मुक्त होगी। रेसरों की बियरिंग सतहों को उचित रूप से पालिश किया जाएगा।

2.2 स्क्रू रेसरों और चैंक नटों की चूड़ियां पूरी और सही होंगी।

2.3 फ्रेम का कप और चैंक नट पर निकल या क्रोम की परत चढ़ी होगी और वह दृश्यमान परत दोषों जैसे गड्ढे, उठानों, धुधले धब्बों, बिना परत चढ़े भागों, दरारों या धब्बों से मुक्त होंगे।

3. कठोरता:—

3.1. थ्रास्ट रेसर के निचले सिरें, क्राउन रेसर और रफ्करेसर का 5 किलोग्राम भार पर न्यूनतम 400 उच्च वोल्टता प्राप्त करने के लिए उष्मा उपचारित किए जाएंगे। इस्पात गोली की न्यूनतम कठोरता 5 किलोग्राम एफ भार पर हाई कार्बन के लिए न्यूनतम 600 एच बी और हाई कार्बन हाई क्रोमियम के लिए न्यूनतम 700 एच बी होगी।

21. सामान के लिए कैरियर

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच करार के अनुसार होंगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 सामान के लिए कैरियर नुकीले किनारों, खुरदरेपन और अन्य विनिर्माण दोषों से मुक्त होंगे।

2.2 सामान के लिए कैरियर को पूर्ण रूप से साफ किया जाएगा ताकि वह जंग, खरोचों, तैलीय पदार्थों से मुक्त हो और फिर उस पर रासायनिक फास्फर या स्टोव इनेमल, रंगलेप छिड़काव किया जाएगा या अन्यथा अच्छे परिरूपण करने के लिए परिसंसित किया जाएगा। कैरियर पर कैडमियम या निकल और क्रोम की परत भी चढ़ी हो सकती है।

2.3 पेंटिंग झरियों, उठानों, असमानताओं या खरोचों से मुक्त होगी। परत दृश्यमान परत दोषों जैसे गड्ढों उठानों, धुधले धब्बों बिना परत चढ़े भागों दरारों या धब्बों से मुक्त होगी। परत आधारित धातु पर अच्छी तरह से आसंजित होगी और रंध्र रहित होगी।

3. परीक्षण :

3.1. सामान के लिए कैरियर में लगाए गए स्प्रिंग के ठोस गुण का परीक्षण कैरियर को 50 बार खोलकर और बन्द करके किया जाएगा। इस परीक्षण के उपरांत कैरियर के कार्य करने में कोई विपरीत प्रभाव नही दिखना चाहिए यह परीक्षण केवल स्प्रिंग वाले भार कैरियर पर लागू होगा।

3.2 नमक घोल परीक्षण—परिशिष्ठ 1 के अनुसार

3.3 आसंजन और फैराकिसल—परिशिष्ट 1 के अनुसार

22. हैंडिल छड़ें

1. सामग्री :

1.1 हैंडिल छड़ें मोड़ और स्तम्भ (स्टेम) हैं आर/डब्ल्यू इस्पात की ट्यूबों से बनी होगी।

2. डिजाइन और विमाएं :

2.1 डिजाइन और विमाएं निम्नलिखित अपेक्षाओं के अधीन रहते हुए, क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी :—

हैंडल छड़ का बाहरी व्यास—22.28 मि. मी.
22.09 मि. मी.

3. कारीगरी और फिनिश :

3.1 हैंडिल छड स्तम्भ बीच के छल्ले पर चौकोर फिट किया जाएगा और ठीक प्रकार से टांका लगाया जाएगा इसके मुड़े भाग पर विकृत व्यास 2.0 मि. मी. से अधिक नहीं होगी।

3.2 लीवर शलाका का संचालन बिना किसी रुकावट हिलाने के होगा ।

3.3 विस्तारक बोल्ट पर 7.94×26 टी पी आई की चूड़ियां होंगी। तार की लम्बाई 35 मि. मी. से कम नहीं होगी। बोल्ट का समुचित शंकु और वाशर होगा। शंकु की न्यूनतम मोटाई 9 मि. मी. और विस्तृत परिधि 19.5 मि. मी. और 2.6 मि. मी. की होगी। कोण पर टेपर 5° से 7° के बीच में होगी। वाशर की न्यूनतम मोटाई 1.5 मि. मी. होगी।

3.4 हैंडिल छड़ पर उपयुक्त दस्ती मूठ फिट किया जाएगा। मूठ आकार और आकृति में एक सार होगी और विनिर्माण दोषों के मुक्त होगी। हैंडिल छड़ के सभी पुर्जे निकल और क्रोमियम की परत चढ़े होंगे। केवल हैंडिल छड़ों के लिए प्लेटिंग में निकल की परत की मोटाई 0.008 मि. होगी। यदि विदेशी क्रेता द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से अपेक्षा की गई तो विद्युत गाल्वनीकृत स्प्रिंग भी अनुज्ञेय होंगे।

4. परीक्षण:—

4.1 मजबूती परीक्षण:—कमानी की मजबूती की जांच पूर्ण नियंत्रण 50 बार लीवर छड़ों को पूर्णतः दबाने और छोड़ने से किया जाएगा। लीवर छड़ें 50 संचालकों के पश्चात् साधारण स्थित में आ जाएगी।

4.2 भार परीक्षण:—हैंडिल छड़ दस्ती स्तम्भ पर (पकड़ बिन्दु में लगे हुए विस्तारक बोल्ट और शंकु और स्तम्भ को हटाने के पश्चात्) इस रीति से लगाया जाएगा कि स्तम्भ उर्ध्वाकर हो और शाफ्ट व्यास जो 56 मि. मी. है से ढाई गुने के बराबर गहराई तथा फिक्सिंग बिन्यासों में प्रविष्ट हो। 45 किलोग्राम भार बच्चों की साईकिल के लिए 35 किलोग्राम (सिरे) (बाई से दाएं) से 13 मि. मी. दस्ती के प्रत्येक सिरे पर धीरे-धीरे और साथ-साथ लागू किया जाएगा और उसी अवस्था में दो मिनट के लिए छोड़ दिया जाएगा। हैंडिल बार के सिरों पर स्थायी सैट (बच्चों की साईकिल के लिए 2.50 मि. मी.) 2 मि. मी. से अधिक नहीं होगा।

4.3 विद्युत लेपन :

4.3.1 आसंजन परीक्षण—परिशिष्ट-1 के अनुसार

4.3.2 फैरोक्सिल परीक्षण—परिशिष्ट-1 के अनुसार

23. चैन गार्ड

1. डिजाइन और विमाएं:—

1.1 डिजाइन और विमाये क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :—

2.1 चैन गार्ड को पूर्ण रूप से साफ किया जाएगा जिस से कि वह जंग, खरोंचों और तैलीय पदार्थों से मुक्त रहें और फिर रासायनिक रूप से फास्फेट और स्टोव एनेमल, पेंट छिड़काव किया जाएगा या अन्यथा चमकदार परिरुपण करने के लिए निकल और क्रोम की परत चढ़ायी जाएगी।

2.2 पेंटिंग झुर्रियों, उठानों, विषमताओं और खरोंचों से मुक्त होंगी। परत दृश्यमान दोषों से मुक्त होगी।

3. परीक्षण:—

3.1 लवण धोल परीक्षण—परिशिष्ट-1 के अनुसार

3.2 आसंजन और फैरोक्सिल परीक्षण—परिशिष्ट-1 के अनुसार

24- चैन

1. डिजाइन और विमाएं :—

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार 1/2" × 1/8 (12.7/3.00 मि० मी० चैनों के लिए निम्नलिखित अपेक्षाओं के अधीन रहते हुए होंगी।

(क) रोलर का अधिकतम व्यास—7.75 मि.मी.

(ख) आन्तरिक कड़ी की ऊपरी अधिकतम चौड़ाई 5.89 मि.मी.

(ग) बाहरी प्लेटों के मध्य की न्यूनतम चौड़ाई 5.75 मि.मी.

(घ) बियरिंग पिन के ऊपर अधिकतम चौड़ाई—10.16 मि.मी.

(ङ) 12.7 किलो के भार के + 2.1 मि.मी.

अन्तर्गत चैन की लम्बाई पर सहायता—0.0 मि.मी०

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 संघटक खुरदरेपन और नुकीले किनारों से मुक्त होंगे। चैन पर जंग रोधी तेल या ग्रीस का लेप किया जाएगा।

3. कठोरता :

3.1 चैन की कतिपय संघटकों की कठोरता निम्नलिखित होगी :—

(क) पिन-5 किलोग्राम एफ भार पर उच्च वोल्टता न्यूनतम।

(ख) प्लेट और ब्रुश/रोलर-5 किलोग्राम एफ भार पर 384 उच्च वोल्टता न्यूनतम.

4. परीक्षण :

4.1 टूटन भार परीक्षण-चैन में 127 मि.मी. लम्बे कटे भाग परीक्षण मशीन के शैकलों से जोड़ा जाएगा और अक्षीय खिचाव किया जाएगा। चैन 820 किलोग्राम से कम भार पर नहीं टूटेगी।

25. साईकिल स्टैंड

1. डिजाइन और विमाएं :

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 स्टैंड नुकीले किनारों, खुरदरेपन और अन्य विनिर्माणकारी दोषों से मुक्त होंगे ।

2.2 स्टैंड को अच्छी प्रकार से साफ किया जाएगा जिससे की वह जंग, खरोंचों तथा तैलीय पदार्थों से मुक्त हो, और फिर रासायनिक रूप से काफिर किया जाएगा और स्टोव एनेमल रंग स्प्रे किया जाएगा या अन्यथा चमकदार फिनिश के लिए अच्छी फिनिश की जाएगी। स्टैंड पर भी कैडमियम या निकल और क्रोम की परत चढ़ी होगी ।

2.3 पैंटिंग, झुर्रियों, उठानों विषमताओं और खरोंचों से मुक्त होगी। परत दृश्यमान परत दोषों जैसे गड्ढ़ों, धुंधले, धब्बों, बिना परत चढ़े भागों, दरारों या धब्बों से मुक्त होगी। परत मूल धातु पर मजबूती से जमी होगी और जंग रहित होगी ।

3. परीक्षण :

3.1 साईकिल स्टैंड में प्रयुक्त स्प्रिंग के मजबूती की जांच स्टैंड के 50 बार कार्य करने से की जाएगी। इस परीक्षण के पश्चात, स्टैंड के कार्य करने में कोई दोष नहीं दिखना चाहिए ।

3.2 लवण घोल परीक्षण-परिशिष्ट-1 के अनुसार

3.3 आसंजन परीक्षण-परिशिष्ट-1 के अनुसार

26. फ्रेम

1. सामग्री :

1.1 चैन स्टे और सीट स्टे को संभालने वाला फ्रेम ई. आर. डब्ल्यू. इस्पात की ट्यूब से बनाया जाएगा। अस्तरण और पकड़ नर्म इस्पात से बने होंगे ।

1.2 बी.बी. शैल मृदु इस्पात से या अधातवर्ध्य ढलवां लोहे में से बना होगा और बी.बी. शैल पर चूड़ियां 24 टी पी आई या 26 टी पी आई की होगी ।

2. डिजाइन और विमाएं–

2.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी ।

3. कारीगरी और फिनिश :

3.1 ट्यूबें वर्गाकार रूप में क्रमशः अपनी-अपनी पकड़ के साथ फिट होंगी और निचले ब्रेकिट की धुरी फ्रेम की सतह पर लम्बाकार होंगी ।

3.2 फ्रेम को जंग, खरोंचों और तैलीय पदार्थों से मुक्त करने के लिए रेत विस्फोटक, स्यूनीकृत विस्फोटक या पिकलिंग से अच्छी तरह साफ किया जाएगा । इसको फिर रासायनिक रूप से अंगरोधी बनाया जाएगा और चमकदार फिनिश करने के लिए स्टोव इनेमल किया जाएगा ।

3.3 पेंटिंग के पश्चात् चूड़ी पर अच्छी तरह ग्रीस लगाई जाएगी ।

4. परीक्षण :

4.1 फ्रेम के निम्नलिखित परीक्षण किए जाएंगे ।

4.1.1 ध्वनि परीक्षण:— फ्रेम को 1/2 किलोग्राम के इस्पात के हथौड़े से जोड़ों के पास चोट लगाई जाएगी और उससे स्पष्ट धात्विक ध्वनि उत्पन्न होनी चाहिए।

4.1.2 संरेखण परीक्षण/फ्रेम का उचित संरेखण किया जाएगा और समुचित फिसुवर जांच की जाएगी।

4.1.3 भार परीक्षण :—इस परीक्षण के लिए फ्रेम पर चैन स्टे बैच पर लेप चढ़े हुए उचित कर्णक पर इस रीति से किया जाएगा कि जिससे कि वह रोलर आलंक पर टिक सकें फ्रेम को उन बिन्दुओं पर जहां हैंडिल बार और सीट जुड़े हैं: क्रमशः 23 किलोग्राम एफ तथा 82 किलोग्राम एफ का किलोग्राम एफ का भार लादा जाएगा। भार में (बच्चों की साईकिल के लिए 75 किलोग्राम एफ) 100 किलोग्राम एफ और 350 किलोग्राम एफ (बच्चों की साईकिल के लिए 260 किलोग्राम एफ) भार, वृद्धि की जाएगी। अधिकतम भार दो मिनट के लिए रखा जाएगा और फिर हटा लिया जाएगा। पहले परीक्षण में देखी गई किसी भी विकृति पर गौर नहीं किया जाएगा और फ्रेम के पश्चात् वाली तीन परीक्षणों में निचले ब्रेकेट पर 0.15 मि.मी. से अधिक कोई भी विकृति नहीं होनी चाहिए ।

4.2 रोटिंग के लिए परीक्षण :—

(क) बॉल ड्राप परीक्षण—परिशिष्ट I के अनुसार

(ख) लवण घोल परीक्षण-परिशिष्ट-I के अनुसार

27. पश्च दृश्य दर्पण

1. डिजाइन और विमाएं :—

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होंगी ।

2. कारीगरी और फिनिश :

2.1 दर्पण चारों ओर ठीक प्रकार से लगाया जाएगा। पृष्ठ भाग धातु, प्लास्टिक, पी.वी.सी. या किसी भी समुचित सामग्री का बना होगा जो नुकीले कोनों और किनारों से मुक्त होगा।

2.2 फ्रेम व कांच के बीच में किसी प्रकार का अवरोध नहीं होगा।

2.3 दर्पण में समुचित स्थायी छड़ स्थायी क्लिप और नट लगी होगी ।

2.4 दर्पण के चारों ओर लगी छड़ क्लिप और धातु पर निकल तथा क्रोम की परत चढ़ी होगी या एनोडकृत होगी। जब परत की जाए तो दृश्यमान परत दोषों जैसे गड्ढ़ों, उठानों, धब्बों या बिना परत चढ़े भागों, दरारों या धब्बों से मुक्त होंगे। लगाने वाला क्लिप भी पी.वी.सी. रबड़ की बनी होगी

2.5 लगाने वाली छड़ और ढिबरी पर उचित चूड़ियां होगी।

28. रिम टेप और बकल

1. डिजाइन और विमाएं :–

1.1 डिजाइन और विमाएं क्रेता और विक्रेता के बीच हुए करार के अनुसार होगी।

1.2 टेप निम्नलिखित के अनुसार होगी :—

(1) चौड़ाई न्यूनतम 11.0 मि.मी.,

(2) पूरी चौड़ाई में किनारे में न्यूनतम 18 अधिकतम 25

2. कारीगरी और फिनिश :—

2.1 टेप ठीक प्रकार से बने होंगे नरम इस्पात से बने हुए बकल टिन किए हुए या गोल्बनीकृत होंगे। बकल नुकीले किनारों और खुरदरेपन से मुक्त होंगे।

3. परीक्षण :–

3.1 20 सें.मी. पट्टी की लम्बाई पर पूर्ण चौड़ाई पर नापा गया टूटन भार 18 किलोग्राम एफ से कम नहीं होगा।
2.0 सभी साईकिल संघटकों की अनुरूपता के लिए नमूना लेना और मापदंड—

प्रत्येक परीक्षण के निरीक्षण के लिए नमूना लेने का कार्य और अनुरूपता के लिए मापदण्ड नीचे दी गई सारणी के अनुसार होगी :—

सारणी

लॉट आकार	चाक्षुष और विमाओं की जांच के लिए नमूना आकार	अन्य सभी परीक्षणों के लिए नमूना आकार से लिए जाने वाले उप-नमूना आकार	दोषों की अनुज्ञेय संख्या स्तम्भ 2 के लिए	दोषों की अनुज्ञेय संख्या स्तम्भ 3 के लिए
50 तक	3	1	0	0
50 से 100 तक	5	1	0	0
101 से 300	8	2	0	0
301 से 500	13	3	1	0*
501 से 1000	20	3	1	0*
1001 से 3000	32	5	2	1
3001 और उनसे अधिक	50	6	3	1

एक नमूने के असफल होने की दशा में 3 और नमूने निकाले जाएंगे और यदि फिर कोई असफलता नहीं होती है तो परेषण पास कर दिया जाएगा।

3.0 चिन्हन: जब तक विदेशी क्रेता अन्यथा विनिर्दिष्ट न करें पुर्जों पर विनिर्माता का नाम, व्यापार चिन्ह या पहचान से पढ़े जाने योग्य रूप से चिन्हित किए जाएंगे।

4.0 पैकिंग: क्रेता के अनुबंध के अनुसार पुर्जों को इस रीति से पैक किया जाएगा जिससे कि बिना किसी हानि के उसके गंतव्य स्थान पर सुरक्षित पहुंचना सुनिश्चित हो जाए। पैकिंग के लिए परीक्षण :—

पैकिंग की फिनिश अच्छी होगी और देखने में सुन्दर होगी पैकेज इस प्रकार का होगा जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आन्तरिक वस्तुएं नीचे दिए गए ड्राप परीक्षण, रोलिंग परीक्षण और जल फुहार परीक्षण में सही उतरगी।

1. ड्राप परीक्षण :– (केवल मुख्य भारों तक आधारित) 150 सें.मी. ऊंचाई से गिराया जाने वाला पैकेट एक बार सबसे बड़ी सपतल सतह पर एक बार सबसे लम्बे किनारे पर और एक बार उसके किसी भी कोने में गिराया जाएगा।

2. रोलिंग परीक्षण:—(केवल 500 किलोग्राम भार तक निबंधित) पैकेजों को किसी भी ओर से 6 मीटर आगे की ओर तथा 5 मीटर पीछे की ओर या 12 मीटर एक ही दिशा में लुढ़काया जाएगा।

3. जल फुहार परीक्षण :—पैकेज को एक मिनट के लिए सामान्य आकस्मिक मानसून बौछार से समतुल्य जल फुहार में रखा जाएगा।

परिशिष्ट-I

पेंटिंग के लिए परीक्षण :

1. बाल ड्राप के परीक्षण :

(केवल स्टोव इनेमल के लिए)

12 मि.मी. व्यास की एक ठोस इस्पात की बाल फ्रेम के किसी भी पेंट किए हुए भाग पर 1.5 मीटर की ऊंचाई से गिराया जाएगा। उस स्थान पर पेंट जहां इस्पात की बाल पेंट से टकराई है दरार या पपड़ी का कोई भी चिन्ह दिखाए बिना समाघात को सहन करेगा। तथापि उन मामलों में जहां बाल गिराने वाला परीक्षण किया गया है वहां यदि असफल हो जाते हैं या संदेहपूर्ण परिणाम देते हैं तो परीक्षण उसी नमूने पर किसी अन्य स्थान पर दोबारा किया जाएगा और उसी परेषण में से दो और नमूनों पर फिर से परीक्षण किया जाएगा। यदि तीन परीक्षणों में से नमूने परीक्षण में असफल नहीं होते हैं तो परेषण को बाल परीक्षण की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला समझा जाएगा।

लवण घोल परीक्षण :—

फ्रेम को नीचे विनिर्दिष्ट तापमान पर 5 प्रतिशत साधारण नमक के घोल में एक घन्टे तक डुबोकर रखा जाएगा। रंग ढीला नहीं होगा, पपड़ी युक्त नहीं उतरेगी या उसमें कोई रंग परिवर्तन नहीं करेगा।

काला इनेमल युक्त पेंट—80° सेंटीग्रेड

अन्य इनेमलयुक्त पेंट—60° सेंटीग्रेड

विद्युत लेपन के लिए परीक्षण :—

1. आसंजन परीक्षण :

परत चढ़ी वस्तु का कटा हुआ टुकड़ा शिकंजे पर कसा जाएगा और रेती से कटे हुए टुकड़े पर इस रीति से रगड़ा जाएगा जिससे कि कुछ चूर्ण इकट्ठा हो जाए। परत और आधारित धातु के मध्य कोई पृथकता नहीं होनी चाहिए।

2. फैरोक्सिल परीक्षण

(1) एक अच्छी क्वालिटी का कागज (सोखता कागज) परीक्षित किए जाने वाले क्षेत्र के आकार का लें जो परीक्षण किए जाने वाली सतह को सोखने के लिए पर्याप्त हो।

(2) साफ जिलैटिन (35° सेंटीग्रेड पर 30 ग्राम/लीटर) के घोल से कागज के एक ओर समरूप परत चढ़ाए और उसे सूखने दें।

(3) कागज की सतह पर शुद्ध एन ए सी एल घोल (30 ग्राम/लीटर) फैलाएं और उसे परीक्षा की जाने वाली सतह पर कागज की परत की हुई सतह की ओर से रख दें। सतह की एन ए सी एल घोल में गीले ब्रुश से एक समान ब्रुश करते हुए तर रखें।

(4) 10 मिनट के पश्चात कागज को हटा दें और पोटाशियम फैरोसाइनाइट (10 ग्राम/लीटर) के घोल में डुबो दें।

(5) कागज पर उत्पन्न नीले धब्बे परीक्षित क्षेत्र में रन्ध्रता सीमा का संकेत देते हैं।

(6) 1000 प्रति वर्ग मि.मी. में एक नीले धब्बे की अधिकतम संख्या तक इसे परीक्षण की अपेक्षा को पूरा करने वाली समझी जाएंगी।

टिप्पण :—यह परीक्षण करने के लिए केवल उन रन्ध्रों को गिना जाएगा। जिन्हें बिना किसी सहायता के देखा जा सकता है।

परिशिष्ट-II

साइकिलों का प्रत्येक विनिर्माता, इससे संलग्न अनुसूची में दिए गए नियंत्रण स्तरों के साथ निम्नलिखित उत्पादों के विनिर्माण/परिरक्षण और पैकिंग के विभिन्न प्रक्रमों पर निम्नलिखित नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए साइकिलों का क्वालिटी नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

1. क्रय की गई सामग्री और संघटक नियंत्रण:

(क) प्रयोग की जाने वाली सामग्री या संघटकों के गुण धर्मों को समाविष्ट करते हुए विनिर्माता क्रय विनिर्देश तथा सहायताओं के साथ व्यौरेवार विधाएं अधिकथित करेगा।

(ख) स्वीकृत परेषणों के साथ क्रय विनिर्देशों की अपेक्षाओं को पूरा करने का उत्पादक का परीक्षण प्रमाणपत्र होगा या ऐसे परीक्षण प्रमाणपत्र न होने की दशा में प्रत्येक परेषण में से नमूनों की क्रय विनिर्देशों से अनुरूपता की जांच करने के लिए नियमित रूप से परीक्षण किया जाएगा। उत्पादक के परीक्षण प्रमाणपत्र की शुद्धता सत्यापित करने के लिए कम से कम पांच परेषणों में से एक की पुनः जांच की जाएगी।

(ग) आने वाले परेषणों की सांख्यिकीय नमूना योजना के लिए क्रय विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण और परीक्षण किया जाएगा।

(घ) निरीक्षण और परीक्षण किए जाने के पश्चात् उचित पृथक्करण और दोषपूर्ण नमूनों के निपटाने के लिए व्यवस्थित प्रणाली अपनाई जाएगी।

(ङ) उपरोक्त वर्णित नियंत्रणों की बाबत पर्याप्त अभिलेख व्यवस्थित रूप में रखे जाएंगे।

2. प्रक्रिया नियंत्रण :

(क) विनिर्माण के विभिन्न प्रक्रमों पर विनिर्माता द्वारा, विस्तृत प्रक्रिया विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देश में अधिकथित प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त उपस्कर तथा उपकरण की सुविधाएं होंगी।

3. उत्पाद नियंत्रण :

